sutlej
textiles and industries limited

SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED
Lotus Corporate Park, 'E' Wing, 5th/6th Floor,
185/A, Graham Firth Compound, Near Jay Coach,
Goregaon (East), Mumbai 400 063, INDIA.
Phone : (022) 4219 8800/6122 8989 Fax (022) 42198830
E-mail : info@sutlejtextiles.com Website: www.sutlejtextiles.com
CIN. : L17124RJ2005PLC020927

07th August, 2026

BSE Limited Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai 400 001. **Scrip Code: 532782**	**National Stock Exchange of India Limited** Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra(E), Mumbai 400 051. **Scrip Code : SUTLEJTEX**

Dear Sirs / Madam,

Sub: Financial Results - Newspaper Publication

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the newspaper notice published in Business Standard (English - All edition) and Dainik Bhaskar (Hindi Daily - Jhalawar edition) with regard to financial results of the Company for the quarter ended 30th Junep, 2026.

This is for the information of the members and exchanges.

Thanking you

Yours faithfully
For **Sutlej Textiles and Industries Limited**

MANOJ VINOD CONTRACTOR
Digitally signed by MANOJ VINOD CONTRACTOR
Date: 2026.08.07 13:31:09 +05'30'

SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LTD. Bhawanimandi (RAJ.)

Manoj Contractor
Company Secretary and Compliance Officer

Encl.: a/a

SHIVA MILLS LIMITED

Regd. Office : 249 A, Bye-Pass Road, Mettupalayam Road, Coimbatore 641 043
CIN : L17111TZ2015PLC022007 Website : www.shivamills.com

EXTRACT OF THE DETAILED FORMAT OF QUARTERLY UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/PERIOD ENDED 30.06.2026 FILED WITH STOCK EXCHANGES UNDER REGULATION 33 OF SEBI (LISTING OBLIGATIONS AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS 2015

(Rs.in lakhs Except per share data)

Sl. No.	PARTICULARS	Quarter ended 30.06.2026 (Unaudited)	Quarter ended 31.03.2026 (Unaudited)	Quarter ended 30.06.2025 (Unaudited)	Year ended 31.03.2026 (Audited)
1.	Total Income from Operations	3,861.70	3,736.18	3,766.45	14,034.79
2.	Net Profit/(Loss) for the period before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items	338.88	135.73	(66.31)	(47.09)
3.	Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	338.88	135.73	(66.31)	(47.09)
4.	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	282.77	140.62	(62.45)	(8.95)
5.	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/ (Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after Tax)	287.07	155.74	(61.57)	8.81
6.	Equity Share Capital	864.18	864.18	864.18	864.18
7.	Reserves (Excluding Revaluation Reserves as shown in the audited balance sheet)				8,385.41
8.	Earnings per Share (of Rs.10 each) (for continuing and discontinued operations)				
	i) Basic	**3.27**	**1.63**	**(0.72)**	**(0.10)**
	ii) Diluted	**3.27**	**1.63**	**(0.72)**	**(0.10)**

Notes : The full format of the quarterly financial results are available on the Stock Exchanges websites www.bseindia.com, www.nseindia.com and Company's website www.shivamills.com

Scan this QR code to view the above Result in detail

FOR SHIVA MILLS LIMITED
S V ALAGAPPAN
MANAGING DIRECTOR
DIN 00002450

PLACE : COIMBATORE
DATE : 06.08.2026

SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED

textiles and industries limited

Regd.Office: Pachpahar Road, Bhawanimandi - 326 502 (Rajasthan) CIN : L17124RJ2005PLC020927
Tel :(07433)222052/82/90, Email: hoffice@sutlejtextiles.com, Website: www.sutlejtextiles.com

STATEMENT OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30th JUNE, 2026

The Board of Directors of the Company, at their meeting held on 06th August, 2026 approved the unaudited standalone and consolidated financial results of the Company for the quarter ended 30th June, 2026.

The full financial results of the Company along with the Limited Review Report, are available on the Stock Exchanges websites at www.bseindia.com and www.nseindia.com and are also posted on the Company's website at **https://www.sutlejtextiles.com/pdf/Financials/Results/2026-27/STIL_BM_Outcome_06082026.pdf** which can be accessed by scanning the Quick Response (QR) code.

For SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED
(Ashish Kumar Srivastava)
Whole-time Director & CEO

Place : Mumbai
Date : 06th August, 2026

Note : The above intimation is in accordance with Regulation 33 read with Regulation 47(1) of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015

PEARL GLOBAL

Exceeding Expectations...Always

PEARL GLOBAL INDUSTRIES LIMITED

(CIN: L74899HR1989PLC140150)
Registered & Corporate Office: Pearl Tower, Plot No. 51, Sector 32, Gurugram-122 001, Haryana
Tel: 0124-4651000, **E-mail:** investor.pgil@pearlglobal.com, **Website:** www.pearlglobal.com

NOTICE OF POSTAL BALLOT & REMOTE E-VOTING

Notice is hereby given to the Members of Pearl Global Industries Limited ('the Company') pursuant to Section 108 and 110 of the Companies Act, 2013 ('the Act') read with Rule 20 and Rule 22 of Companies (Management & Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and other applicable provisions of the Act, Rules, Circulars and Notifications issued thereunder (including any statutory modifications or re-enactment thereof for the time being in force and as amended from time to time), that the Ordinary Resolutions as set out in the Postal Ballot Notice dated August 05, 2026 regarding: Item No. 1: Appointment of Major General Sandeep Vohra (Retd.) (DIN: 11824360) as Director of the Company, Item No. 2: Appointment of Major General Sandeep Vohra (Retd.) (DIN: 11824360) as Whole-Time Director of the Company, Item No. 3: Issuance of Bonus Equity Shares to the Shareholders of the Company, are proposed for consideration by the members of the Company for passing by means of Postal Ballot / Electronic voting. Detailed explanatory statement setting out the material facts concerning resolutions and instructions for Remote e-voting is given in the said notice of Postal Ballot / e-voting (the '**Notice**').

Postal Ballot Notice together with Explanatory Statement and instructions for remote e-voting has been sent to the members of the Company only through electronic mode to those members whose names appear on the Register of Members / Register of Beneficial Owners as on **Friday, July 31, 2026** ('**Cut-Off Date**') received from the Depositories and whose e-mail address is registered with the Company / Registrar to an Issue and Share Transfer Agent / Depository Participants / Depositories. Copy of this Postal Ballot Notice will also be available on the Company's website at **www.pearlglobal.com**, website of BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited (the '**Stock Exchanges**') at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** respectively and on the website of NSDL at **www.evoting.nsdl.com.**

The Company has engaged the services of National Securities Depository Limited ('**NDSL**') for the purpose of providing e-voting facility to its Members. **The remote e-voting shall commence at 10:00 A.M. (IST) on Friday, August 07, 2026 and end at 5:00 P.M. (IST) on Saturday, September 05, 2026**. The e-voting will not be allowed beyond the aforesaid date and time and the e-voting module shall be forthwith disabled by National Securities Depository Limited upon expiry of the aforesaid period. Once a member cast his/her vote on the resolution, he/she shall not be allowed to change it subsequently.

Members who have not registered their e-mail address are requested to register the same with the Depository Participant(s) where they maintain their demat accounts, if the shares are held in electronic form and with Registrar to an Issue and Share Transfer Agent of the Company, if holding shares in the physical mode, so as to receive all communication electronically, and to avail electronic credit facility i.e. direct credit of dividend amount(s) in the bank account.

CS Jayant K Sood (C.P. No. 22410), Proprietor of M/s. Jayant Sood and Associates (Company Secretaries) has been appointed as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot / remote e-voting process in a fair and transparent manner.

The Scrutinizer will after the conclusion of Remote e-voting, unblock the votes cast through Remote e-voting in the presence of at least two witnesses not in the employment of the Company and submit his report to the Chairman or any other person authorised by the Board who shall countersign the same and declare the results of the e-voting forthwith. The results of the Postal Ballot will be declared within two working days from the conclusion of e-voting. The results of the Postal Ballot and Report of Scrutinizer will also be displayed at Company's website at **www.pearlglobal.com**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE at **www.bseindia.com** and NSE at **www.nseindia.com** and website of NSDL, remote e-voting facility provider at **www.evoting.nsdl.com.**

In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of **www.evoting.nsdl.com** or call on : 022 - 4886 7000.

By the order of Board of Directors
For Pearl Global Industries Limited
Sd/-
Shilpa Saraf
Company Secretary & Compliance Officer
ICSI Mem. No. A23564

Place: Gurugram
Date : August 06, 2026

IFB INDUSTRIES LIMITED

CIN: L51109WB1974PLC029637
Regd. Office : 14, Taratala Road, Kolkata – 700088
Tel: (091) (33) 3048 9219; **Fax :** (091) (33) 3048 9230
E-mail : investors@ifbglobal.com **Website:** www.ifbindustries.com

EXTRACTS OF UNAUDITED STATEMENT OF FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30 JUNE, 2026

(Rs. in Crores)

Particulars	Consolidated			
	Quarter Ended			Year Ended
	30 June 2026	31 March 2026	30 June 2025	31 March 2026
	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited
1. Total income from operations (net)	1584.74	1498.20	1338.31	5619.48
2. Net profit/(loss) for the period (before tax, exceptional, extraordinary items and share of loss of an associate)	56.87	52.27	36.51	207.81
3. Net profit/(loss) for the period before tax (after exceptional, extraordinary items and share of loss of an associate)	57.20	55.79	35.04	192.45
4. Net profit/(loss) for the period after tax and non-controlling interest (after exceptional, extraordinary items and share of loss of an associate)	43.05	42.67	26.16	143.56
5. Total Comprehensive income/ (loss) for the period after non-controlling interest [Comprising Profit) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income/ (loss) (after tax)]	42.21	45.61	27.93	152.87
6. Equity share capital	41.28	41.28	41.28	41.28
(Face Value - Rs.10/- each)				
7. Other Equity				953.58
8. Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each) (not annualised) - In Rs.				
(a) Basic	10.62	10.53	6.46	35.43
(b) Diluted	10.62	10.53	6.46	35.43
9. Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs. 10/- each) (not annualised) - In Rs.				
(a) Basic	10.62	10.53	6.46	35.43
(b) Diluted	10.62	10.53	6.46	35.43

(Rs. in Crores)

Particulars	Standalone			
	Quarter Ended			Year Ended
	30 June 2026	31 March 2026	30 June 2025	31 March 2026
	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited
1. Total income from operations (net)	1523.52	1447.19	1300.99	5443.25
2. Net profit/(loss) for the period (before tax, exceptional and extraordinary items)	51.54	46.05	33.93	193.57
3. Net profit/(loss) for the period before tax (after exceptional and extraordinary items)	51.54	45.47	33.93	179.61
4. Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and extraordinary items)	38.06	33.72	25.36	133.34
5. Total Comprehensive income/ (loss) for the period [Comprising Profit/(loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income/(loss) (after tax)]	37.80	33.87	25.91	135.12
6. Equity share capital	41.28	41.28	41.28	41.28
(Face Value - Rs.10/- each)				
7. Other Equity				951.74
8. Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs.10/- each) (not annualised) - In Rs.				
(a) Basic	9.39	8.33	6.26	32.91
(b) Diluted	9.39	8.33	6.26	32.91
9. Earnings Per Share(after extraordinary items) (of Rs. 10/- each) (not annualised) - In Rs.				
(a) Basic	9.39	8.33	6.26	32.91
(b) Diluted	9.39	8.33	6.26	32.91

Notes :

1 The Unaudited Consolidated and Standalone Financial Results for the quarter ended 30 June 2026 have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Indian Accounting Standards ("Ind AS") prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, read with the relevant rules thereunder and in terms of Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended. The same was reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meetings held on 06 Aug 2026.

2 The above is an extract of the detailed Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Unaudited Consolidated And Standalone Financial Results for the quarter ended 30 June 2026 are available on the Stock Exchanges websites (**www.bseindia.com/www.nseindia.com**) and on the Company's website (**www.ifbindustries.com**).

On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Bikramjit Nag
Chairman

Place : Kolkata
Date : 06 August 2026

A. K. Capital Finance Limited

Registered Office: 601-602, 6th Floor, Windsor, Off CST Road, Kalina, Santacruz (East), Mumbai – 400 098.
Tel: +91 (022) 6754 6500 | **Fax:** +91 (022) 6610 0594 | **Email:** csakcfl@akgroup.co.in | **CIN**: U51900MH2006PLC214277

STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026

(₹ in lakhs except EPS)

Sr. No.	Particulars	Standalone		
		Current Quarter ended 30 June 2026 (Unaudited)	Corresponding Quarter ended 30 June 2025 (Unaudited)	Previous Year ended 31 March 2026 (Audited)
1	Total Income from Operations	10,389.00	8,879.14	37,060.26
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	3,294.57	2,029.26	9,893.95
3	Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	3,294.57	2,029.26	9,893.95
4	Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	2,216.50	1,520.16	7,352.50
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	2,215.86	1,523.09	7,349.77
6	Paid up Equity Share Capital	2,654.38	2,654.38	2,654.38
7	Compulsorily convertible preference shares	14,250.00	-	14,250.00
8	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	84,897.31	80,625.61	83,107.78
9	Securities Premium Account	33,496.88	33,496.88	33,496.88
10	Net worth	1,01,801.69	83,279.99	1,00,012.16
11	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	2,59,403.65	2,37,326.80	2,51,169.35
12	Outstanding Redeemable Preference Shares	-	-	-
13	Debt Equity Ratio	2.55	2.85	2.51
14	Earnings Per Share (of ₹ 10/- each)*			
	a. Basic	6.74	5.73	27.70
	b. Diluted	6.74	5.73	27.53
15	Capital Redemption Reserve	NA	NA	NA
16	Debenture Redemption Reserve	NA	NA	NA

Not Annualised

Note:

A) The above is an extract of the detailed format of unaudited quarterly financial results filed with BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited ("Stock Exchanges") under Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited quarterly financial results are available on the website of the respective Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com & www.nseindia.com and on the website of the Company www.akgroup.co.in

B) For the other line items referred in Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to the Stock Exchanges and can be accessed on the website of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com & www.nseindia.com

c) The above unaudited standalone financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 06 August 2026. The statutory auditors of the Company have carried out limited review of the aforesaid standalone financial results.

d) Debt service coverage ratio and Interest service coverage ratio are not applicable. Debenture redemption reserve is not required in respect of privately placed debentures in terms of Rule 18(7)(b)(ii) of Companies (Share Capital and Debentures) Rule, 2014.

e) The previous period figures have been regrouped/reclassified wherever necessary to conform to current period's presentation.

For and on behalf of the Board of Directors
A. K. Capital Finance Limited
Sd/-
A. K. Mittal
Managing Director
(DIN : 00698377)

Place: Mumbai
Date: August 06, 2026

TARA CHAND INFRALOGISTIC SOLUTIONS LIMITED

Corporate Identity Number (CIN): L63090CH2012PLC033556
Registered Office: 342 INDUSTRIAL AREA, PHASE I, CHANDIGARH – 160002
Tel: 08146668129 Website: https://tarachandindia.in/
E-mail: cs@tarachandindia.in

Statement of Un-Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter ended June 30, 2026

The Un-audited Standalone & Consolidated Financial Results of Tara Chand Infralogistic Solutions Limited for the quarter ended June 30, 2026,have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on Thursday, August 06,2026.

The Un-audited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter ended June 30, 2026, are made available on the Stock Exchange website (www.nseindia.com) and on the Company's website https://tarachandindia.in/wp-content/uploads/2026/08/Q1-results.pdf The same can be accessed by scanning the QR code provided below.

SCAN ME

For Tara Chand InfraLogistic Solutions Limited
Sd/-
Vinay Kumar
(Managing Director)
DIN: 00151567

Place: Chandigarh
Date: August 07, 2026

SHANKARA Buildpro LIMITED

Unaudited Consolidated financial results for the quarter ended 30th June 2026

(₹ In Crores, except per share data)

Particulars	For the Quarter ended			For the year ended
	30.06.2026	31.03.2026	30.06.2025	31.03.2026
	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)
Total Income from Operations	1,890.26	1,996.65	1,568.25	6,827.11
Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	47.89	54.61	41.77	176.37
Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	47.89	54.61	41.77	173.76
Net Profit for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	35.78	41.50	32.07	127.96
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	35.95	42.04	32.06	128.77
Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- each)	24.25	24.25	24.25	24.25
Reserves(excuding Revaluation reserve as per balance sheet of previous year)				521.39
Earnings per share (of ₹ 10/- each) - not annualised for the quarter ended periods Basic & Diluted (₹)	14.76	17.12	13.23	52.77
Key results of Shankara Building Products Limited on a standalone basis				
Total Income	1,889.13	1,995.63	1,568.25	6,826.14
Profit before tax	47.42	54.24	41.77	173.21
Profit after tax	35.43	41.22	32.07	127.56
Total Comprehensive Income	35.60	41.76	32.06	128.37

Note:
The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results are available on the Stock Exchange websites www.bseindia.com, www.nseindia.com and Company's website www.shankarabuildpro.com

SUKUMAR SRINIVAS
Managing Director
DIN : 01668064

Place : Bengaluru
Date : 6th August, 2026

SHANKARA BUILDPRO LIMITED
CIN: L24311KA2023PLC179791
Registered Office: NO. 21/1 & 35-A-1, Hosur Main Road, Electronic City, Veerasandra, Bangalore - 560100.
Website: www.shankarabuildpro.com, **Email:** sbl.cs@shankarabuildpro.com

Adfactors 238/26

आज का पंचांग

पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : श्रावण, कृष्ण पक्ष नवमी, शुक्रवार सायं 04:37 तक रहेगी, विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी 1448, मुस्लिम माह सफर, तारीख 23, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 7 अगस्त।

सूर्योदय कालीन नक्षत्र : कृत्तिका नक्षत्र सायं 06:43 तक, इसके बाद रोहिणी नक्षत्र रहेगा। वृद्धि योग दोपहर 12:11 तक, इसके बाद ध्रुव योग रहेगा। गर करण सायं 04:37 तक, इसके बाद वणिज करण रहेगा।

ग्रह विचार (प्रातः 05:30) : सूर्य-कर्क, चंद्र-वृष, मंगल-मिथुन, बुध-कर्क, गुरु-कर्क, शुक्र-कन्या, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

राहुकाल : प्रातः 10:30 से 12:00 तक रहेगा।

दिशाशूल : पश्चिम दिशा – यदि जरूरी हो तो इलायची खाकर यात्रा कर सकते हैं।

शुभाशुभ ज्ञानम् : भद्रा रात्रि 03:18 से, गुरु हरकिशन जयंती प्राचीन मत से।

चौघड़िया मुहूर्त : प्रातः 05:58 से 07:37 तक चर का, प्रातः 07:37 से 10:54 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 12:33 से 02:11 तक शुभ का, सायं 05:29 से 07:07 तक चर का चौघड़िया रहेगा।

आज विशेष : आज शुक्रवार को सफेद वस्तुओं का दान करें, गरीब बच्चों को आइसक्रीम अथवा खीर खिलाएं। चिड़ियों को चावल का चुग्गा डालें तो शुक्रग्रह जनित पीड़ा दूर होती है। आज वृद्धि योग में दही का दान करना शुभ फलदायक होता है।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
05:58	कृत्तिका	2	स्वर्ण	वृष	इ
07:31	कृत्तिका	3	स्वर्ण	वृष	उ
13:08	कृत्तिका	4	स्वर्ण	वृष	ए
18:43	रोहिणी	1	लोहा	वृष	ओ
24:17	रोहिणी	2	लोहा	वृष	वा
05:50	रोहिणी	3	लोहा	वृष	वि

राशिफल — वृष वाले नया काम शुरू करेंगे, मकर वालों के लिए व्यापारिक सौदे लाभदायक

मेष शुभ अंक 6, शुभ रंग जामुनी : निजी कामों के लिए सिफारिश की जरूरत पड़ सकती है। छात्र परीक्षा परिणाम को लेकर चिंतित रहेंगे। कार्यस्थल की व्यवस्था संभालना मुश्किल होगा। रूखे व्यवहार से सहकर्मी नाराज होंगे।

कर्क शुभ अंक 5, शुभ रंग भूरा : काम की अधिकता से सेहत बिगड़ सकती है। भावुकता में लिए फैसले बदलने पड़ सकते हैं। इच्छित सफलता के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव संभव है। कारोबारी विस्तार की योजना बन सकती है।

तुला शुभ अंक 9, शुभ रंग आसमानी : पुराने मामले उजागर होने का भय रहेगा। पारिवारिक मामलों में रुकावट संभव है। आकस्मिक लाभ के अवसर भी मिलेंगे। वैचारिक मतभेद दूर होने से राहत मिलेगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

मकर शुभ अंक 8, शुभ रंग हरा : व्यापारिक सौदे लाभदायक हो सकते हैं। मित्रों से कहासुनी मन दुखी कर सकती है। मांगलिक खर्च की संभावना बनेगी। लेनदेन का गतिरोध दूर हो सकता है। यात्रा टालना बेहतर रहेगा।

वृष शुभ अंक 7, शुभ रंग नारंगी : धीमी शुरुआत से काम प्रभावित हो सकते हैं। साझेदारी में नया काम शुरू करने का मन बनेगा। अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। सुख-सुविधाओं पर खर्च संभव है।

सिंह शुभ अंक 7, शुभ रंग स्लेटी : करीबी लोगों के कारण मुश्किल हो सकती है। छोटा सा बदलाव आपको अव्यवस्थित कर सकता है। समय पर काम पूरा करने का दबाव रहेगा। पुराने झगड़े सुलझाने से राहत महसूस करेंगे।

वृश्चिक शुभ अंक 2, शुभ रंग फिरोजी : कानूनी प्रक्रियाओं में उलझने की संभावना है। विवादास्पद मामले सुलझने से राहत मिलेगी। भावनात्मक संबंधों में चल रहा गतिरोध दूर हो सकता है। भाग्योदय के नए अवसर मिलेंगे।

कुंभ शुभ अंक 4, शुभ रंग बादामी : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कारोबारी विस्तार की संभावना को बल मिलेगा। नई योजनाओं में निवेश के अवसर मिल सकते हैं। राह की चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे। धैर्य रखें।

मिथुन शुभ अंक 4, शुभ रंग नीला : अधिकारियों की नाराजगी महंगी पड़ सकती है। बिखरे काम समेटने में परिवार का सहयोग मिलेगा। वाहन बदलने का मन बन सकता है। पारिवारिक उत्सवों का आयोजन सुखद रहेगा। शांत रहें।

कन्या शुभ अंक 1, शुभ रंग पीला : भय की स्थिति से छुटकारा मिल सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता बढ़ सकती है। काम में छोटी सी चूक से नुकसान संभव है, वहीं धार्मिक खर्च की रूपरेखा भी बन सकती है।

धनु शुभ अंक 4, शुभ रंग लाल : प्रॉपर्टी खरीदने में सावधानी बरतें, नुकसान संभव है। अनजान लोगों पर भरोसा नुकसानदेह हो सकता है। उच्च शिक्षा की बाधाएं दूर होंगी, लेकिन विरोधी आपको उलझाने की कोशिश कर सकते हैं।

मीन शुभ अंक 6, शुभ रंग जामुनी : परिचितों की मदद करने से मन खुश होगा। उलझे मामले बातचीत से सुलझ सकते हैं। सफलता के लिए कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ना होगा। विपरीत परिस्थितियों में समझौता करना ही बेहतर रहेगा।

सावन माह • विप्र फाउंडेशन की ओर से 16 अगस्त को चिंताहरण बालाजी मंदिर पर होगा आयोजन

पार्थिव शिवलिंग के सामूहिक अभिषेक की तैयारी, इस बार बच्चे बनेंगे यजमान

भास्कर न्यूज | झालावाड़

विप्र फाउंडेशन महिला कार्यकारिणी झालावाड़ श्रावण मास में 16 अगस्त को पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक अभिषेक करवाएगी। इसकी तैयारी को लेकर दोपहर में विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष संध्या शर्मा के निवास पर बैठक हुई। बैठक महिला कार्यकारिणी झालावाड़ जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में सर्वसहमति से तय हुआ कि बच्चों में धार्मिक अनुष्ठानों की समरसता बनाए रखने के लिए अभिषेक विप्र बच्चों से कराया जाएगा। बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में रहेंगे। आयोजन चिंताहरण बालाजी कमल तलाई पर होगा। विप्र फाउंडेशन प्रदेश सचिव कुसुम शर्मा ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों में बच्चों का पारंपरिक वेशभूषा में आना हमारी संस्कृति, सभ्यता, धार्मिक आस्था, संस्कारों को दर्शाता है। मीडिया प्रभारी नेहा शर्मा ने बताया कि विप्र फाउंडेशन परिवार के अलावा विप्र परिवार का कोई भी बच्चा इस पुण्य अनुष्ठान में सहभागी बन सकता है। बैठक में सदस्यों ने अपने विचार रखे। इसके बाद सभी को दायित्व सौंपे गए। बैठक में संतोष शर्मा, जलज तिवारी, ममता नागर, विजया शर्मा, ज्योति शर्मा, स्वाति शर्मा, ममता औदिच्य, आशा शर्मा, सपना शर्मा, रियंका भारद्वाज, कोमल गौड़, सुरभि शर्मा सहित अन्य मौजूद रहीं।

झालावाड़. पार्थिव शिवलिंग के अभिषेक की तैयारी को लेकर विप्र फाउंडेशन महिला कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के पारस बने चेयरमैन

नई कार्यकारिणी घोषित कर जिम्मेदारियां सौंपी

भास्कर न्यूज | झालरापाटन

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के तत्वावधान में राजस्थान रीजन की वर्ष 2026-28 की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। घोषणा फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष विजय मेहता, राष्ट्रीय चयन समिति प्रमुख मनीष सुराणा, राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन 'मामा' के मार्गदर्शन में हुई। राष्ट्रीय पदाधिकारियों हंसराज जैन, पारस कटारिया, डॉ. राजेश जैन, गौतम जैन, संजय बापना, राजेंद्र तलेसरा, दिलीप तिल्लानी, राजेश नाहर, चंदनबाला जैन, हार्दिक छोरिया की सहमति रही।

नई कार्यकारिणी में पारस सेठी को राजस्थान रीजन का चेयरमैन बनाया गया। गौतम जैन को निवर्तमान रीजन चेयरमैन बनाया गया। रीजन उपाध्यक्ष राजेश नलवाया, ज्ञानचंद बापना, प्रमोद सकलेचा, रीजन सचिव वीरेंद्र कुमार चण्डालिया, राजेश नाकोड़ा, अजय जैन, संजय बिजावत को रीजन कोषाध्यक्ष, रीजन प्रचार सचिव प्रमोद जैन, पंकज नाहर, रीजन मीडिया प्रभारी दिलीप जैन, विनोद ककरेचा को जिम्मेदारी दी गई। विभिन्न समितियों के चेयरमैन भी घोषित किए गए। मानव सेवा समिति के लिए हर्षिता सिंघवी, अशोक जैन 'मामा' को जिम्मेदारी मिली। जीवदया समिति के लिए अन्नपूर्णा बोथरा, पंकज चोरड़िया को चुना गया। पर्यावरण समिति के लिए धनपाल भण्डारी, दिनेश जैन को जिम्मेदारी दी गई।

ग्रुप विस्तार समिति के चेयरमैन पुखराज जैन, चंद्रप्रकाश बोथरा बनाए गए। सांस्कृतिक समिति के लिए रितेश ओस्तवाल, प्रमोद मेहता को चुना गया। स्वधर्मी सेवा समिति के लिए गणपत राज मेहता को चेयरमैन बनाया गया।

धार्मिक समिति के लिए कंचन सर्राफ, संजय शाह को चेयरमैन नियुक्त किया। नवनियुक्त रीजन चेयरमैन पारस सेठी ने कहा, नई कार्यकारिणी सामाजिक सेवा, संगठन विस्तार, समाजहित के काम नई ऊर्जा से आगे बढ़ाएगी।

समाज-संस्था ब्रीफ

निशुल्क नेत्र शिविर में चश्मे बांटे

झालावाड़| प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र शिविर हुआ। निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम भी रखा गया। शिविर में आए सभी लोगों को चश्मे वितरित किए गए। संस्था से जुड़े कई भाई-बहनों को भी चश्मे दिए गए। कार्यक्रम में बसंत कासट, इंद्रेश शर्मा, अनीता पारेता, डॉ. प्रीतम शर्मा, डॉ. अनूप ने अपने विचार रखे।

भिलवाड़ी पहुंची वंदन कलश यात्रा

भिलवाड़ी | संत रविदास जयंती के उपलक्ष में वंदन कलश यात्रा आज भिलवाड़ी में पहुंची। इस दौरान बाबा रामदेव मंदिर पर कलश यात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। वहां पर राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और डीवीडी के माध्यम से कई उपयोगी जानकारी बताई। इस दौरान भाजपा नेता सौदान गुर्जर, पवन ओरा, हरिसिंह गुर्जर, राधेश्याम, उन्नत शर्मा, गोविंद शर्मा, हजारीलाल मेहर, गोवर्धनलाल मेहर, पुजारी राकेश कुमार, ललित शर्मा उपस्थित रहे।

आवर में कलश यात्रा का स्वागत

आवर| संत गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर प्रदेशभर में समरसता संकल्प अभियान के तहत कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कलश वंदन यात्रा मिश्रौली नाथूखेड़ी होते हुए पगारिया पहुंची। इस दौरान कलश यात्रा के साथ लाए गए कलश एवं सन्त रविदास महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मांगूसिंह चौहान, गंगासिंह, सरदार सिंह पटेल, भैरूसिंह पंवार, नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, नेनसिह, तूफानसिंह, श्यामलाल शर्मा, घनश्याम शर्मा, कैलाशचंद मौजूद रहे।

मिश्रौली में रविदास रथ का स्वागत

मिश्रौली| भाजपा मंडल मिश्रौली की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास की रथ यात्रा के अवसर पर बाबा रामदेव मंदिर परिसर में उत्साह के साथ कलश पूजन किया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु रविदास के बताए समरसता, समानता और मानव सेवा के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही रथयात्रा का पुष्प वर्षा के साथ अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रशासक जगमाल सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष मांगूसिंह चौहान, दौलतराम, ईशाक मंसूरी, वीरेंद्र सिंह, विकास शर्मा, सीताराम मेघवाल सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

युवा जिलाध्यक्ष बने कुनाल अग्रवाल

झालरापाटन|. अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (पूर्वी राजस्थान) की सर्वसम्मति से हुई बैठक में कुनाल अग्रवाल को झालावाड़ जिले का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग, महिला प्रदेशअध्यक्ष आरती, महिला प्रदेश प्रभारी राजदुलारी, युवा प्रदेश अध्यक्ष रोहित, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश, महिला जिलाध्यक्ष मालती की सहमति से हुई। बैठक में समाज को संगठित, सशक्त बनाने पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी का विस्तार होगा। जिले की हर पंचायत से समाज के सक्रिय लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा। समाजहित में प्रभावी, जनकल्याणकारी काम किए जाएंगे। नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष कुनाल अग्रवाल ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया। कहा, युवाओं को साथ लेकर संगठन मजबूत करेंगे। समाज के हित में लगातार काम करेंगे।

सेंट जोसेफ में छात्र परिषद का पदग्रहण समारोह हुआ

हितेश को हेड बॉय और मरियम को हेड गर्ल नियुक्त किया

भास्कर न्यूज | झालावाड़

सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल में पदग्रहण समारोह हुआ। मकसद छात्र नेतृत्व क्षमता बढ़ाना रहा। छात्रों में जिम्मेदारी की भावना मजबूत करने पर जोर रहा। नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज लगाए गए। सैश पहनाए गए। पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

समारोह में हितेश कारपेंटर को हेड बॉय बनाया गया। मरियम फातिमा को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। एमराल्ड ग्रीन हाउस की कप्तान कुंजिका शर्मा बनीं। उप-कप्तान मोहित सिंह रहे। रूबी रेड हाउस के कप्तान संचित शर्मा बने। उप-कप्तान अविका वर्मा रहीं। सैफायर ब्लू हाउस के कप्तान वैदिक धाकड़ बने। उप-कप्तान गर्विता पंवार रहीं। टोपाज येलो हाउस के कप्तान अतुल्या वशिष्ठ बने। उप-कप्तान वंशिका शर्मा रहीं।

प्राचार्या कृतिका अत्रे ने इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, नेतृत्व सिर्फ पद नहीं होता। जिम्मेदारी निभाना होता है। निष्ठा जरूरी है। अनुशासन जरूरी है। सेवा भावना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया। उत्तरदायित्व के साथ दायित्व निभाने की बात कही।

200 कांवड़ियों का जत्था उज्जैन के लिए हुआ रवाना

गंगधार| कस्बे में महाकाल मित्र मंडल के तत्वावधान में कलश यात्रा निकाली। कांवड़ियों का जत्था उज्जैन के लिए रवाना हुआ। हजारीबाग हनुमान मंदिर परिसर में पूजा हुई। ढोल-डीजे के साथ कलश व कांवड़ यात्रा शुरू हुई। यात्रा मुख्य मार्ग से नई आबादी पहुंची, धानमंडी बाजार से नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंची।

नीलकंठ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना हुई। जलाभिषेक किया और महाआरती हुई। कस्बे में जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत हुआ। कलश यात्रा के समापन के बाद यहां से करीब 200 पैदल कांवड़ यात्रियों का जत्था उज्जैन महाकाल के लिए रवाना हुआ।

कांवड़िये उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल का अभिषेक करेंगे। कलश यात्रा में महाकाल मित्र मंडल के अध्यक्ष जगदीश राठौर शामिल रहे। नेपाल सिंह, विक्रम सिंह, पुष्कर राठौर, राजेश नीमा, प्रमोद निगम, शिवसिंह पटेल, मनीष मिश्रा, दिलीप मोरी, बंशीलाल राठौर, हीरालाल वर्मा, कौशल शर्मा, हरिओम शर्मा, हरिलाल राठौर, जिर्तेंद्र देवड़ा आदि शामिल रहे।

अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

अग्रवाल सेवा सदन में हुए गेम्स व प्रतियोगिताएं

झालावाड़. सावन उत्सव में शामिल अग्रवाल महिला मंडल की सदस्य।

भास्कर न्यूज | झालावाड़

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन झालावाड़ ने अग्रवाल सेवा सदन में सावन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया। महिलाएं लहरिया पहनकर पहुंचीं। सावन के गीत गाए। सावन सेल्फी पॉइंट पर सभी ने सेल्फी ली। गेम खेले गए। सावन उत्सव से जुड़ी हाउजी भी खेली गई।

मंडल अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल ने बताया, इसी कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन से मनोनीत प्रदेश प्रभारी राजदुलारी गोयल पूर्वी राजस्थान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सचिव प्रगति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेनू जिंदल, प्रियंका, नेहा, रुचि तोदी ने सहयोग किया। जिला पदाधिकारी मधु गुप्ता, निलेश जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, सरिता बंसल, रजनी अग्रवाल, मीनू गुप्ता ने मंडल की सखियों के साथ नाच-गान, मस्ती, हाउजी गेम का आनंद लिया।

संस्थापन अधिकारी बने मोहम्मद रईस

झालावाड़| राजस्व ग्रुप-1 विभाग जयपुर की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई। इसमें झालावाड़ कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद रईस को संस्थापन अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया। मंत्रालयिक कर्मचारी संघ की ओर से कलेक्टर का आभार जताया। जिलाध्यक्ष दीपक भाटिया, अरशद अय्यूब, विशाल भील, विजय वर्मा, शकूर कुरैशी, सुनील व्यास, आदिल खान, प्रदीप शर्मा, जावेद खान, भरत कुमार सुमन, दिनेश सुमन, प्रीतम, विकास, सूमेर सिंह, प्रमोद बलराम नाथ ने मो. रईस का स्वागत किया।

सम्मेलन में मनीषा महिला मंडल अध्यक्ष नियुक्त

बकानी| गायत्री मंदिर में महिला सम्मेलन हुआ। झालावाड़, रटलाई, बकानी से महिला मंडल की टोली बकानी पहुंची। मनीषा सोनी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मभगवान मीणा, रजनी सक्सेना, राम जानकी बाई, लक्ष्मी पोसवाल, सोहन बाई, सुमित्रा बाई, कृष्णा शर्मा ने विचार रखे।

पुण्य स्मरण • डॉ. बृजराजसिंह चंद्रावत की 32वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

डॉ. बृजराजसिंह के नाम से सर्वश्रेष्ठ छात्र सम्मान कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा

भास्कर न्यूज | झालावाड़

राजेंद्र सार्वजनिक चिकित्सालय परिसर में स्व: डॉ. बृजराजसिंह चंद्रावत की प्रतिमा पर 32वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। कलेक्टर अजयसिंह राठौड़, जिला परिषद अधिकारी शंभू दयाल मीणा, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय पोरवाल, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अशोक शर्मा, पूर्व विधायक मीनाक्षी चंद्रावत, दुष्यंत सिंह चंद्रावत सहित शहर के गणमान्य नागरिकों, परिजनों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम में कलेक्टर राठौड़ ने कहा कि चिकित्सा के माध्यम से मानव सेवा समाज की सबसे बड़ी सेवा है। अपने कार्य को जीवन में उतारना ही चिकित्सक का धर्म है। डीन डॉ. संजय पोरवाल ने घोषणा की कि मेडिकल कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ छात्र को हर वर्ष स्वर्गीय डॉ. बृजराज सिंह चंद्रावत के नाम से इसी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. अशोक शर्मा, पूर्व विधायक मीनाक्षी चंद्रावत, मनीषा सिंह, सुनील कानावत, दलपत सिंह ने भी विचार रखे। धीरजसिंह झाला, जयदीप सिंह झाला, डॉ. लक्ष्मणसिंह गौड़, विनोद यादव, वैभव जोशी, भूपेंद्र पांडे, आशीष शर्मा, योगेश कानावत सहित अन्य लोगों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डॉ. कार्तिक लोढ़ा, डॉ. अरविश चौहान, डॉ. मनस्वी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अंत में डॉ. चंद्रावत के सुपुत्र दुष्यंत सिंह चंद्रावत ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। संचालन ओम पाठक ने किया।

झालावाड़. अस्पताल में डॉ. बृजराजसिंह चंद्रावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित

अकलेरा| राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरी चंचल में गुरुवार को ब्लॉक के सभी प्रधानाचार्यों की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में हाल ही में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों के लिए विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) नरेंद्र कुमार गहलोत रहे।

उन्होंने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नवाचार पर काम करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने और विभागीय नियमों की जानकारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में एडीईओ बालचंद कारपेंटर और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामलाल मीणा मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक संघ अकलेरा के अध्यक्ष कालूराम मीणा ने की।

समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पूरीलाल मीणा, सुभाष श्रोत्रिय, राजेंद्र वर्मा और मूलचंद बांबी को शॉल, साफा और स्मृति-चिन्ह देकर विदाई दी गई।